50 हजार छात्राओं को मुफ्त साइकिल देने के लिए बजट जारी

देहरादून। प्रदेश के सरकारी, अशासकीय विद्यालयों में कक्षा नौ की 50 हजार छात्राओं को मुफ्त साइकिल मिलेगी। शिक्षा निदेशालय ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 13 जिलों को इसके लिए 14 करोड़ रुपये भेज दिए हैं। हर छात्रा के खाते में डीबीटी से साइकिल के लिए 2850 रुपये भेजे जाएंगे।

शिक्षामंत्री डॉ.धन सिंह रावत के मुताबिक शासकीय एवं अशासकीय

बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत नौवीं की छात्राओं को मिलेगी साइकिल

विद्यालयों में कक्षा नौ में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को मुफ्त साइकिल मिलेगी। मैदानी क्षेत्रों के विद्यालयों की छात्राओं को अनिवार्य रूप से साइकिल खरीदनी होगी। जबकि पर्वतीय क्षेत्रों की बालिकाओं को साइकिल लेने या किसी अधिकृत बैंक व डाकघर में चार वर्षीय एफडी जमा करने का विकल्प दिया गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिलों में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, वित्त अधिकारी एवं जनपद के वरिष्ठतम प्रधानाचार्य की चार सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो ब्लॉक स्तर पर 20 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन कर इसकी रिपोर्ट निदेशालय भेजेगी। ब्यूरो

देहरादून में 5615 बालिकाओं को मिलेगा लाभ

शिक्षामंत्री डॉ.रावत के मुताबिक अल्मोड़ा में 3492 बालिकाओं के लिए एक करोड़, बागेश्वर

में 1595 के लिए 45 लाख, चमोली में 2533 के लिए 72 लाख, चंपावत में 1677 के लिए 47 लाख, देहरादून में 5615 के लिए एक करोड़ 60 लाख, पौड़ी 3284 के लिए 94 लाख, हरिद्वार में 7075 बालिकाओं के लिए दो करोड़, नैनीताल में 5021 के लिए एक करोड़ 43 लाख, पिथौरागढ़ में 2635 के लिए 75 लाख, रुद्रप्रयाग में 1736 बालिकाओं के लिए 50 लाख, टिहरी में 3780 बालिकाओं के लिए एक करोड़ आठ लाख, उत्तरकाशी में 2258 बालिकाओं के लिए 64 लाख एवं ऊधमसिंह नगर में 8429 छात्राओं के लिए दो करोड़ 40 लाख की धनराशि दी गई है।